# आश्चर्यजनक किन्तु सत्य वार्तालाप

एक क्लर्क अपने कार्यालय के अधिकारी को दो माह की छुट्टी का आवेदन पत्र देता है। इस सम्बन्ध में अधिकारी तथा क्लर्क के बीच निम्न वार्तालाप होता है -

अधिकारी - वर्ष में कितने दिन होते हैं ?

क्लर्क - श्रीमान जी, 365।

अधिकारी - तुम कितने घन्टे कार्य करते हो?

क्लर्क - श्रीमान जी, आठ घंटे।

अधिकारी - वर्ष में कितने सप्ताह होते है?

क्लर्क - श्रीमान जी, 52।

अधिकारी - इसका अर्थ है कि 52 शनिवार एवं 52 रविवार होते हैं।

क्लर्क - हां, श्रीमान जी।

अधिकारी - तुम कितने सरकारी अवकाश (त्योहारों सहित) ग्रहण करते हो?

क्लर्क - कुल 17, श्रीमान जी।

अधिकारी - इसका मतलव कुल कितने कार्य दिवस कार्य होता है ?

क्लर्क - 365 - (52 + 52 + 17) = 239 दिन, श्रीमान जी।

अधिकारी - एक कर्मचारी को कितनी छुट्टी मिलती है?

क्लर्क - 30 + 12 + 2 + 10 = 54 दिन, श्रीमान जी।

अधिकारी - कितने कार्य दिवस कार्य होता है?

क्लर्क - 239 - 54 = 185 दिन, श्रीमान जी।

अधिकारी - एक दिन में कितने घंटे कार्य करते हो ?

क्लर्क - 8 घंटे, श्रीमान जी।

अधिकारी - 185 X 8 = 1480 घन्टे = 62 दिन। इसका अर्थ हुआ कि 60 दिन की छुट्टी लेकर पूरे वर्ष कोई कार्य नही करोगे। जाइये कोई छुट्टी नहीं मिलेगी।

क्लर्क - श्रीमान जी, एक परेशानी और है।

अधिकारी - क्या ?

क्लर्क - मेरा प्रमोशन नही हुआ।

अधिकारी - अच्छा, तुम इस पद पर कब आये थे?

क्लर्क - श्रीमान जी, L.D.C. के पद पर 1980 में।

अधिकारी - अब किस पद पर हो?

क्लर्क - श्रीमान जी, सुपरिटेंडेन्ट 1982 से।

अधिकारी - क्या बनना चाहते हो?

क्लर्क - अधिकारी, श्रीमान जी।

अब अधिकारी अपना सा मुहं लेकर रह जाता है।

---

**पंकज गर्ग, "वरिष्ठ शोध सहायक"**